अजमेर जिला प्रमुख चुनाव में क्रॉस वोटिंग से भाजपा की पूजा भंसाली ने जीत दर्ज की

जिला प्रमुख चुनाव में भाजपा की पूजा भंसाली को 21 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दशरथ कंवर को 11 वोट मिले

अजमेर, (निसं)। अजमेर जिला परिषद में जिला प्रमुख पद पर भाजपा ने अपना कब्जा जमा लिया है। बुधवार को हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पूजा भंसाली ने कांग्रेस की दशरथ कंवर को 10 मतों से हराकर जीत दर्ज की। पूजा भंसाली को कुल 21 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दशरथ कंवर को 11 वोट मिले। वहीं एक वोट नोटा के खाते में गया। पूजा भंसाली की जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपाइयों ने जिला परिषद परिसर के बाहर आतिशबाजी कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।



भाजपा की पूजा भंसाली अजमेर जिला परिषद में जिला प्रमुख पद पर विजयी घोषित हुई।

- जिला परिषद की 33 सीटों में से भाजपा ने 19, कांग्रेस ने 12 और आरएलपी ने 2 सीटों पर जीत दर्ज की थी
- चुनाव परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग को लेकर चर्चाएं तेज हुई

जानकारी के अनुसार जिला प्रमुख पद के लिए बुधवार सुबह 10 बजे भाजपा की पूजा भंसाली और कांग्रेस की दशरथ कंवर अपने समर्थकों एवं पार्टी नेताओं के साथ जिला परिषद पहुंचीं। दोनों प्रत्याशियों ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। जिला प्रमुख का पद महिला के लिए आरक्षित होने के चलते दोनों ही पार्टियों ने महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। दोपहर करीब तीन बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले कांग्रेस के जिला परिषद सदस्य मतदान के लिए पहुंचे। उनके साथ आरएलपी की उम्मीदवार गुलाबी देवी भी मौजूद थीं। इस दौरान मतदान शुरू नहीं होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं ने विरोध जताया। करीब सवा तीन बजे भाजपा प्रत्याशी और पार्टी के सदस्य भी मतदान के लिए पहुंचे। इसके बाद मतदान की प्रक्रिया पूरी करवाई गई। करीब चार बजे मतदान संपन्न होने के बाद मतगणना शुरू हुई। मतगणना के परिणाम सामने आते ही भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई।

कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग की आशंका :- चुनाव परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। जानकारी के अनुसार जिला परिषद की कुल 33 सीटों में से भाजपा ने 19, कांग्रेस ने 12 और आरएलपी ने 2 सीटों पर जीत दर्ज की थी। मतदान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी को केवल 11 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के 12 सदस्य जीतकर आए थे। वहीं भाजपा के 19 सदस्य होने के बावजूद पूजा भंसाली को 21 वोट मिले। ऐसे में भाजपा को अतिरिक्त दो वोट मिलने और कांग्रेस के एक वोट कम होने को लेकर राजनीतिक गलियारों में क्रॉस वोटिंग के कयास लगाए जा रहे हैं।

नामांकन के दौरान पूर्व मंत्री रघु शर्मा कांग्रेस के साथ 13 सदस्यों के समर्थन का दावा कर रहे थे। इसके बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी को 11 वोट ही मिलना पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं भाजपा को अपने 19 सदस्यों के मुकाबले 21 वोट मिलने से उसकी रणनीति सफल रही। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया तथा पूजा भंसाली को बधाई दी।

अजमेर के भिनाय में बाइक सवार तीन जनों ने युवक पर फायरिंग की

हमले में युवक के सीने में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया

अजमेर, (निसं)। जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में फायरिंग की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सांतोला से अपने घर लौट रहे एक युवक पर बाइक सवार होकर आए तीन युवकों ने अचानक फायरिंग कर दी। हमले में युवक के सीने में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

- पुराने लेनदेन के विवाद में वारदात की आशंका, गंभीर हालत में अजमेर जेएलएन अस्पताल रेफर किया

जानकारी के अनुसार भिनाय थाना क्षेत्र के नांदसी पालडलिया निवासी महेन्द्र सांतोला से अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बाइक पर सवार होकर आए तीन युवकों ने उसे निशाना बनाते हुए गोली चला दी। गोली लगने से महेन्द्र गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल महेन्द्र को तत्काल उपचार के लिए केकड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे लेकर अजमेर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गोली महेन्द्र के सीने में लगी है।

पीड़ित महेन्द्र के अनुसार वारदात के पीछे पुराने लेन-देन का विवाद होने की आशंका जताई जा रही है। इसी विवाद के चलते उस पर फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि फायरिंग के वास्तविक कारणों और आरोपियों की पहचान को लेकर पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस आरोपियों की तलाश और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच में जुटी है।

एक वोट से झालावाड़ जिला प्रमुख बनीं भाजपा की वर्षा झाला

झालावाड़, (निसं)। जिला परिषद के जिला प्रमुख पद के चुनाव में बुधवार को भाजपा और कांग्रेस के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। दोनों दलों के बीच कांटे की टक्कर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिला प्रमुख की कुर्सी का फैसला महज एक वोट से हुआ। भाजपा प्रत्याशी वर्षा झाला ने कांग्रेस की कुसुमलता मीणा

- भाजपा की वर्षा झाला ने कांग्रेस की कुसुमलता मीणा को 17-16 से शिकस्त दी

को 17 के मुकाबले 16 वोट हासिल कर शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही महज 21 वर्ष की वर्षा झाला झालावाड़ जिले की अब तक की सबसे युवा जिला प्रमुख बन गई हैं।



झालावाड़ की नवनिर्वाचित जिला प्रमुख वर्षा झाला

जानकारी के अनुसार जिला परिषद की कुल 33 सीटों में से 32 सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने 16-16 सीटें जीतकर बराबरी की थी, जबकि एक सीट पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुई थीं। इसके चलते जिला परिषद में भाजपा का पलड़ा भारी माना जा रहा था। हालांकि जिला प्रमुख पद के चुनाव में दोनों दलों के बीच सीधा मुकाबला हुआ। मतदान के बाद जिला परिषद कार्यालय में हुई मतगणना में भाजपा ने 17-16 से जीत दर्ज कर जिला प्रमुख की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया।

पहली बार चुनाव लड़कर सीधे शीर्ष पद तक पहुंची :- वर्षा झाला ने पहली बार जिला परिषद का चुनाव लड़ा और सीधे जिले की सबसे बड़ी पंचायती राज संस्था के शीर्ष पद तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। वर्षा राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा पूर्व में पिड़ावा पंचायत समिति के प्रधान रह चुके हैं, जबकि उनके पिता प्रताप सिंह पूर्व सरपंच रहे हैं। वर्षा वर्तमान में बीएड की पढ़ाई कर रही हैं। इससे पहले उन्होंने राजनीति विज्ञान विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। जिला परिषद सदस्य के चुनाव में वर्षा झाला ने वार्ड संख्या 15 से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें 12,130 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सीमा कंवर को 7,333 मत प्राप्त हुए थे। जिला प्रमुख के चुनाव में उनका मुकाबला वार्ड संख्या 26 से निर्वाचित कांग्रेस प्रत्याशी कुसुमलता मीणा से हुआ। यहां मुकाबला बेहद करीबी रहा और वर्षा ने महज एक वोट से जीत हासिल कर सियासी समीकरण अपने पक्ष में कर लिए।

जिला प्रमुख निर्वाचित होने के बाद वर्षा झाला ने अपनी प्राथमिकताओं को लेकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों का विकास उनकी पहली प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सांसद दुष्यंत सिंह को देते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया।

आपसी विवाद में व्यक्ति का अपहरण किया

जोधपुर, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित शोभावतों की ढाणी में एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। उसे गाड़ी में डालकर ले गए और फिर कॉल कर उसकी पत्नी को जान की धमकी दी गई। पीड़ित महिला ने कुछ लोगों को नामजद कर केस दर्ज कराया है। आरंभिक जांच में बताया गया कि इनके बीच आपसी विवाद चल रहा है। पुलिस अब जांच में जुटी है।

- अपहरण के बाद कॉल कर पत्नी को जान की धमकी दी

चौहाबो पुलिस ने बताया कि मूलत: पुरखावास चिंचड़ली हाल शोभावतों की ढाणी, मरूधर केसरी नगर में रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 19 नवंबर की रात को उसके पति को महेश, दिनेश उर्फ भाउड़ा, अशोक एवं रामनिवास आदि ने घर के बाहर बुलाया। बाद में उसे गाड़ी में डालकर अपहरण कर अपने साथ ले गए। बाद में महिला को धमकी दी गई कि उसके पति को मार दिया जाएगा। आरोपियों ने बाद में उसके पति को छोड़ दिया। पुलिस ने आरंभिक पड़ताल में बताया कि उनके बीच कोई विवाद चल रहा है। लेनदेन की भी आशंका है।

बैंक खाते से लाखों की राशि निकाली

सीकर, (निसं)। सीकर में एक युवक के बैंक खाते से 3.09 लाख रुपए निकलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मोहम्मद अयूब ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

शिकायत के अनुसार, 22 नवंबर को उनके बैंक खाते से 3.09 लाख रुपए निकल गए। मोबाइल पर ट्रांजेक्शन का मैसेज आने के बाद उन्हें खाते से रकम निकाले जाने की जानकारी मिली। युवक ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

सीकर, (निसं)। सीकर में 21 साल की युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि इलाके के ही एक युवक ने पहले युवती से दोस्ती की और शादी का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसे अपने गांव बुलाकर उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट भी की। युवती का आरोप है कि युवक ने कई बार उसे मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ रेप किया। अब आरोपी शादी करने से इनकार कर रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार 21 वर्षीय युवती की पहचान उसके ही इलाके में रहने वाले एक युवक से थी। युवक ने उससे बातचीत शुरू की और धीरे-धीरे शादी करने का भरोसा दिलाने लगा। इसी दौरान आरोपी ने युवती को अपने गांव मिलने के लिए बुलाया। आरोप है कि वहां युवक ने युवती के साथ रेप किया। जब युवती ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। आरोपी ने उसे यह कहकर भरोसा दिलाया कि वह उसकी होने वाली पत्नी है। युवती के अनुसार, इसके बाद भी आरोपी उसे कई बार मिलने के लिए बुलाता रहा और उसके साथ दरिंदगी करता रहा। अब आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

अजमेर, (निसं)। दरगाह थाना पुलिस ने एक युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पकड़ा।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर घूम रहा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए दरगाह थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई और बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध युवक की तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस टीम ने युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने चाकू को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह चाकू लेकर किस उद्देश्य से घूम रहा था और किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना तो नहीं बना रहा था।

सास की हत्या करने वाले आरोपी को पकड़ा

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा पुलिस ने हत्या के एक मामले में कार्रवाई करते हुए अपनी सास की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने वाले वांछित आरोपी भोजराज भील को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस की विशेष टीम ने दीपपुरा घाटा के जंगलों से डिटेन कर गिरफ्तार किया है।

- वारदात के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस की विशेष टीम ने दीपपुरा घाटा के जंगलों से डिटेन किया

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि 17 नवंबर को चंद्रपुरिया निवासी प्रार्थी छोटूलाल भील ने रावतभाटा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी के पूर्व पति भोजराज पुत्र मोहनलाल भील निवासी भील बस्ती झालरबावड़ी ने प्रार्थी की पत्नी मांगीबाई के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उनकी हत्या कर दी। रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रावतभाटा गोपाल सिंह कानावत के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक शंकरलाल मीणा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी संजीव स्वामी के नेतृत्व में आरोपी भोजराज पुत्र मोहनलाल भील निवासी भील बस्ती झालरबावड़ी, चारभुजा, रावतभाटा की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी, लेकिन अभियुक्त अपने ठिकाने से फरार होकर छिपा रहा। इसके बाद 24 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दीपपुरा घाटा के जंगलों से वांछित आरोपी भोजराज को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया।

तीन लाख रुपए के लिए विवाहिता को घर से निकालने का आरोप

अजमेर, (निसं)। शहर के लोहागल क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। लोहागल निवासी विवाहिता रेनू मेघवाल ने अपने पति सन्नी मेघवंशी और ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को परिवाद सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति और ससुराल पक्ष की ओर से पीहर से तीन लाख रुपए लाने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से बाहर निकाल दिया गया।

- विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ एसपी को परिवाद सौंपकर न्याय की गुहार लगाई
- विवाहिता ने पुलिस से अपने सोने-चांदी के आभूषण और पूरा स्त्रीधन वापस दिलाने की मांग की

पीड़िता ने परिवाद में बताया कि उसका विवाह 8 दिसंबर 2022 को हुआ था। विवाह के बाद 29 सितंबर 2024 को उसने एक पुत्र को जन्म दिया। इसी दौरान उसके पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पीड़िता का आरोप है कि पिता की मृत्यु के बाद मिलने वाले मुआवजे की राशि को लेकर पति और ससुराल पक्ष ने उससे तीन लाख रुपए पीहर से लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। रुपए नहीं लाने पर उसे परेशान किया जाने लगा। विवाहिता के अनुसार, ससुराल में घर खर्च के लिए पर्याप्त राशि नहीं मिलने के कारण उसे नौकरी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, पति को उसका नौकरी करना पसंद नहीं था। आरोप है कि इसी बात को लेकर पति ने उसके साथ मारपीट की, जिसमें उसके शरीर के साथ दाहिनी आंख में भी चोट आई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे अपने बच्चे से अलग करने की धमकी दी गई तथा उसका स्त्रीधन और सोने-चांदी के आभूषण भी ससुराल पक्ष ने अपने पास रख लिए।

पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना करने के बाद उसे घर से निकाल दिया गया। इसके चलते अब उसे अपने बच्चे के साथ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद सौंपकर पति सहित ससुराल पक्ष के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। विवाहिता ने पुलिस से अपने सोने-चांदी के आभूषण और पूरा स्त्रीधन वापस दिलाने के साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

राजस्थान आवासन मण्डल

क्रमांक :- 387 दिनांक :- 23/11/2026

निविदा सूचना संख्या 11/2026-27

राजस्थान आवासन मण्डल की आवासीय योजना प्रताप नगर, जयपुर में पेयजल व सीवरेज का संचालन व संधारण का कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 02.12.2026 से 14.12.2026 को सायं 6:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in** एवं मण्डल वेबसाईट **https://rhb.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

UBN No. :- RHB2627WSOB00238 & RHB2627WSOB00239

राज.संवाद/सी/26/13655 आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई. खण्ड-प्रथम, जयपुर

दूरभाष सं. 0141-2742548

राजस्थान सरकार

निदेशालय मत्स्य विभाग, पशुधन भवन, टोंक रोड, जयपुर

क्रमांकः एफ.2 (4) निम/लेखा/ठेका/2026-27/9543 दिनांकः-18/11/2026

जलाशयों में मत्स्याखेट अनुज्ञा हेतु ई-नीलामी बोली सूचना 07

मत्स्य विभाग के अधीन राज्य में स्थित विभिन्न श्रेणी के जलाशयों में वर्ष 2026-27 से 5 वर्ष के लिये मत्स्याखेट के अधिकार आंवटन हेतु इच्छुक पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-नीलामी बोलियां दिनांक 18.11.2026 से दिनांक 02.12.2026 को सांय 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को मत्स्य विभाग के NeML द्वारा संचालित E-Auction portal/market.neml.in पर पंजीयन कराना आवश्यक है। दिनांक 18.11.2026 से 01.12.2026 को सांय 5.00 बजे तक निर्धारित प्रक्रिया अनुसार बोली प्रपत्र एवं प्रकिया शुल्क तथा अमानता राशि जमा कराई जायेगी तथा हस्ताक्षिरत सारांश बोली दस्तावेज rjfisheries.neml.in पोर्टल पर अपलोड किये जायेगे। तत्पश्चात् दिनांक 02.12.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सांय 2.00 बजे तक Online live Auction किया जायेगा। बोली की विस्तृत सूचना एवं शर्तें www.fisheries.rajasthan.gov.in तथा rjfisheries.neml.in पर learning awareness में देखी जा सकती है।

DIPR/C/18515/2026 (संचिता बिश्नोई) आई.ए.एस. निदेशक

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/229 - 231 Date :- 19/11/2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 64/2026-27

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	:	रूपये 485.00 लाख (01 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि	:	20.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 30.11.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	:	20.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 30.11.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	:	01.12.2026 को प्रातः 11:00 बजे (तकनिकी बिड)

विस्तृत विवरण वेबसाईट **urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in** व **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2627WSOB00376

राज.संवाद/सी/26/13601 अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय उदयपुर विकास प्राधिकरण

राजस्थान सरकार

निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ERCC/RCC 13)/2026/ई-17645

ई-नीलामी विज्ञिप्त संख्या (ERCC/RCC 13)/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञिप्त से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों / क्वारीं लाईसेसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क /अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संठाहण के कुल 19 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/18631/2026 (महावीर प्रसाद मीणा) निदेशक

कांग्रेस की संतोष कुमारी ने राजस्थान की सबसे कम उम्र की जिला प्रमुख बनने का इतिहास रचा

21 वर्षीय संतोष कुमारी जैसलमेर जिला प्रमुख पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई

जैसलमेर, (निसं)। जैसलमेर जिला परिषद की नवनिर्वाचित जिला प्रमुख संतोष कुमारी ने महज 21 वर्ष की उम्र में राजस्थान की सबसे कम उम्र की जिला प्रमुख बनने का इतिहास रच दिया है। कांग्रेस के टिकट पर जिला परिषद वार्ड संख्या 21 से चुनाव जीतने के बाद संतोष कुमारी जिला प्रमुख पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुईं। उनके राजनीतिक सफर में चुनाव के चौथे चरण में होना भी एक महत्वपूर्ण संयोग साबित हुआ।

जानकारी के अनुसार संतोष कुमारी का जन्म 15 अक्टूबर 2005 को हुआ। यदि जैसलमेर में पंचायत चुनाव पहले चरण में होते और नामांकन 13 अक्टूबर को होता, तो उनकी उम्र 21 वर्ष पूरी होने में दो दिन कम रहती। ऐसी स्थिति में न्यूनतम आयु की पात्रता पूरी नहीं होने के कारण वे चुनाव नहीं लड़ पातीं। लेकिन चौथे चरण में चुनाव होने से 4 नवंबर को नामांकन के समय उनकी उम्र 21 वर्ष 19 दिन हो चुकी थी और वे चुनाव लड़ने के लिए पात्र हो गईं।

जैसलमेर जिला परिषद के कुल 21 वार्डों में कांग्रेस ने 20 वार्डों में जीत हासिल कर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। वार्ड संख्या 21 से चुनाव



नवनिर्वाचित जिला प्रमुख संतोष कुमारी।

- जिला प्रमुख बनने के बाद संतोष कुमारी ने कहा कि जैसलमेर के प्रत्येक गांव और ढाणी में समान रूप से विकास करवाना उनका उद्देश्य है
- चौथे चरण में चुनाव होने से 4 नवंबर को नामांकन के समय संतोष कुमारी की उम्र 21 वर्ष 19 दिन हो चुकी थी और संतोष कुमारी चुनाव लड़ने के लिए पात्र हो गई

मैदान में उतरी संतोष कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी को 6,137 मतों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की।

कांग्रेस के स्पष्ट बहुमत के चलते जिला प्रमुख चुनाव में उनके सामने किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया और वे निर्विरोध जिला प्रमुख चुनी गईं। संतोष कुमारी पोकरण क्षेत्र की निवासी हैं तथा उन्होंने पोकरण से 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की है। उनके पिता चौथाराम ग्रामसेवक हैं, जबकि उन्हें उनके ताऊ फकीराराम ने गोद लिया है। इसी कारण सरकारी दस्तावेजों में उनके पिता का नाम फकीराराम दर्ज है। जिला प्रमुख बनने के बाद अब संतोष कुमारी के सामने पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने की जिम्मेदारी होगी।

उन्होंने कहा कि जैसलमेर के प्रत्येक गांव और ढाणी में समान रूप से विकास करवाना उनका उद्देश्य है। सभी के प्रति समान दृष्टिकोण रखते हुए विकास कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। महज 21 वर्ष की उम्र में जिले की ग्रामीण विकास व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने वाली संतोष कुमारी की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित निजी अस्पताल के मोड़ पर डंपर चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की जान चली गई। मृतक के भाई की तरफ से बनाड़ थाने में डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि रामदेव नगर, नांदड़ी निवासी देवेंद्र पुत्र गोविंदराम की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि उसका भाई 42 वर्षीय धनराज बाइक लेकर बोराडा डेयरी के पास सनसिटी अस्पताल के मोड़ से निकल रहा था। तब एक डंपर के चालक ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। बनाड़ पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गाड़ी नंबर से चालक की पहचान की जा रही है। जांच एएसआई रामचंद्र की तरफ से की जा रही है।